21-Nov- JASH-BHOOMI-PG-3_Layout 1 11/21/2025 8:01 PM Page 1

हरिभूमि
जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 22 नवंबर 2025
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 23.2 डिग्री
न्यूनतम 13.2 डिग्री

सरिया में संतों का आगमन शुरू श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद
4



**खबर संक्षेप**

### एन्यूमेरेशन फॉर्म केवल बीएलओ या आयोग की वेबसाइट पर ही भरें

**बलरामपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र कटारा ने आम नागरिकों से आह्वान किया है कि निर्वाचन संबंधी एन्यूमेरेशन फॉर्म भरने या जमा करने के लिए किसी भी बाहरी व्यक्ति को ओटीपी, आधार संख्या, मोबाइल नंबर अथवा कोई भी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। एन्यूमेरेशन फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूर्णतः सुरक्षित एवं पारदर्शी है तथा इसके लिए केवल दो ही वैध माध्यम निर्धारित हैं अपने क्षेत्र के बीएलओ अथवा भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओव्ही डॉट इन पर ही फॉर्म भरें और जमा करें। प्रशासन ने कहा कि नागरिक सतर्क रहें और किसी भी अनधिकृत व्यक्ति द्वारा निजी जानकारी मांगने पर तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। जिला प्रशासन ने बताया एन्यूमेरेशन फॉर्म भरने की प्रक्रिया में किसी को भी ओटीपी साझा करने की आवश्यकता नहीं है।

### धान बिक्री के लिए नवीन पंजीयन और रकबा संशोधन 25 तक

**बलरामपुर।** खरीफ वर्ष 2025 अंतर्गत किसानों को धान बेचने में सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, डूबान/वन पट्टाधारी कृषकों के कैरी फारवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही 19 से 25 नवंबर तक अतिरिक्त समय का प्रावधान किया है। किसान इसके लिए अपने संबंधित तहसील कार्यालय में जाकर पंजीयन और रकबा संशोधन का कार्य करवा सकेंगे।

### 15 करोड़ से अधिक की लागत वाले 20 से ज्यादा प्रस्तावों पर लगी मुहर

# समान्य सभा के फैसलों से बदलेगा शहर का नक्शा

नगर पालिका परिषद की सामान्य सभा इस बार केवल औपचारिकता नहीं बल्कि शहर के विकास की दिशा तय करने वाली रही है। शुक्रवार को दोपहर 2 बजे कार्यलियीन सभाकक्ष में हुई समान्य सभा की बैठक में लगभग 15 करोड़ से अधिक की लागत वाले 20 से ज्यादा महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

समान्य सभा की बैठक में लिए गए फैसले से शहर के कई पुराने मार्गों के रिन्यूअल से लेकर स्टेडियम चौक निर्माण, पिंक टॉयलेट, सामुदायिक भवन, मुक्तिधाम उन्नयन, मशीनरी खरीद और सामाजिक सहायता जैसी योजनाओं पर लिए जाने वाले निर्णय से नगर के नागरिकों की रोजमर्रा की जरूरतों पर सीधा असर पड़ेगा।

नगरपालिका के अनुसार इस बार सड़क निर्माण का बजट सबसे ज्यादा है। कई मार्ग ऐसे हैं जो वर्षों से खराब हालत में थे और नागरिक लगातार सुधार की मांग कर रहे थे। महत्वपूर्ण सड़क प्रस्ताव में जुदेव प्रतिमा से जशपुर प्रवेश द्वार तक बीटी रोड रिन्यूअल लागत 152.60 लाख जिसका ठेका – 16.50 प्रतिशत कम अभय कंस्ट्रक्शन को मिला है। यह मार्ग जिले का प्रमुख एंट्री पॉइंट है, इसलिए इसे मॉडल रोड बनाने पर जोर है। महाराजा चौक से जुदेव प्रतिमा तक बीटी रोड निर्माण लागत 80.15 लाख जिसका ठेका 16.50 प्रतिशत कम में गया है। शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक, रोज हजारों लोगों का आवागमन होता है।

वार्ड 03 में दो सड़कें बबलू होटल से मीनू जैन दुकान, एवं श्याम सहाय घर से रामनिवास अग्रवाल घर तक कुल लागत 40 लाख से अधिक इन इलाकों के निवासी लंबे समय से रिन्यूअल की मांग कर रहे थे। वार्ड 13 के प्रमुख मार्ग जयस्तंभ चौक से विष्णु बगान, एवं निक्की चौक से सेमर तालाब तक कुल लागत लगभग 1 करोड़, वार्ड 13 में यातायात और जलभराव दोनों समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बी.टी. रिन्यूअल जरूरी माना गया।वार्ड 14 पुस्तकालय से ज्योति निवास एवं कन्या महाविद्यालय से थाना तक मार्ग सुधार लागत 83.69 लाख छात्र-छात्राओं के आवागमन के कारण यह मार्ग विशेष महत्व का।

वार्ड 18 भागलपुर मेन रोड से आरा मिल होकर रंगलाल घर तक रोड रिन्यूअल लागत 52.64 लाख, वार्ड 20 अनुराग मेडिकल से संजय सोनी घर तक बीटी रोड रिन्यूअल लागत 27.78 लाख।

### स्टेडियम चौक, पेवर ब्लॉक और मशीनरी खरीद भी एजेंडा में

सूर्य नमस्कार चौक निर्माण रणजीता स्टेडियम के पास लागत – 38.80 लाख यह जगह स्पोर्ट्स गतिविधियों का केंद्र बन रही है, इसलिए चौक को आधुनिक डिज़ाइन में विकसित करने की तैयारी है। बैकहो लोडर की खरीद लागत 35.80 कचरा प्रबंधन और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए मशीन खरीदी जानी है। आदिवासी समाजों को भवन निर्माण के लिए मदद।

### बैठक में दो बड़े सामाजिक प्रस्ताव भी शामिल किए गए

खैरवार व खेरवार समाज को जिला मुख्यालय में सामुदायिक भवन हेतु नजूल भूमि एवं अनुदान राशि। गोंडवाना समाज जशपुर को जिला स्तरीय भवन निर्माण हेतु सहायता राशि। इन भवनों के निर्माण से सामाजिक कार्यक्रमों, बैठकें और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए स्थायी व्यवस्था बनेगी। शहर की जरूरतों से जुड़े कई अन्य प्रस्ताव भी शामिल है जिसमें वार्ड 18 के मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार व उन्नयन,वार्षिक जतरा मेला आयोजन, निकाय क्षेत्र में 03 पिंक टॉयलेट निर्माण,राष्ट्रीय परिवार सहायता 4 प्रकरणों पर विचार, इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन 2 आवेदन पर भी विचार किया गया।

### विधायकों के प्रयासों से मिले कई कार्य

कुछ ही दिनों पहले विधायक राममुनी भगत और नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने शिवमंदिर से जैन मंदिर तक पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। राज्य सरकार ने जशपुर में तेजी से सड़क व अधोसंरचना विकास के लिए विशेष राशि स्वीकृत की है।नगरपालिका अध्यक्ष व परिषद के अनुसार, स्वीकृति मिलते ही सभी कार्यों को में उपस्थित रहेंगे।

**लवाकेरा – कुनकुरी मुख्य मार्ग पर हादसा**

# समडमा घाटी में धान से भरा पिकअप पलटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लवाकेरा से तपकरा की ओर धान लेकर जा रही धान लोड पिकअप शुक्रवार दोपहर समडमा घाटी के मेन रोड पर अनियंत्रित होकर पलट गई। यह दुर्घटना जशपुर जिले के पुलिस थाना तपकरा अंतर्गत समडमा क्षेत्र में हुई।

- बच्चा और एक मज़दूर गंभीर रूप से घायल

पिकअप में चालक सहित एक बच्चा और 3 लेबर सवार थे। अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ने से पिकअप सड़क के बीचो-बीच पलट गई। हादसे में एक लेबर और बच्चे को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि चालक और बाकी मजदूरों को हल्की चोटें बताई जा रही हैं। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत घायलों को बाहर निकाला और प्राथमिक सहायता की व्यवस्था की। स्थानीय लोगों के अनुसार समडमा घाटी में भारी वाहनों के अनियंत्रित गति से चलने की वजह से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से यहां सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

# फर्जी दस्तावेज से अनुकंपा नियुक्ति के आरोप में सेवा समाप्त



**जशपुरनगर।** अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया के दौरान तथ्यों को छिपा कर गलत शपथ पत्र के बूते सहायक ग्रेड तीन की नौकरी प्राप्त करने वाले के विरूद्व कार्रवाई करते हुए जिला शिक्षा कार्यालय ने सेवा समाप्त कर दिया है। इसके साथ ही डीईओ ने संबंधित से वेतन व भत्ते की वसूली करने का निर्देश भी दिया है। मामला जिले के मनोरा ब्लाक के पूर्व माध्यमिक शाला सोगड़ा के प्रधान पाठक राजेश एक्का का 8 मई 2021 को निधन हो गया था। मामले में मनोरा के तात्कालिन बीईओ की अनुशंसा पर मृतक प्रधान पाठक राजेश एक्का के पुत्र नवनीत एक्का को दुलदुला ⏭ शेष पेज 4 पर







